# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

## Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS) के अन्तर्गत U.G (Regular) सत्र 2025–29 में नामांकन हेतु विद्यार्थियों के लिए दिशा–निर्देश ।

**U.G. (Regular)** सत्र 2025–29 के लिए **Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS)** के अन्तर्गत पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के सभी कोटि के महाविद्यालयों में प्रथम सेमेस्टर में नामांकन हेतु विद्यार्थियों के लिए निर्देश तय किये गये हैं, जो निम्नवत हैं:–

(1) **Online Application form fill** करते समय विद्यार्थियों के द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करना अनिवार्य है।

(क) सही–सही प्रविष्टि:– विद्यार्थी सर्वप्रथम अपना **Login ID** एवं **password** जनेरेट करेंगे। उसके उपरांत **Online Application** भरते समय अपनी सभी प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक सही–सही अंकित करेगें।

(ख) महाविद्यालयों के चयन का विकल्प:– **Online Application** में आपको पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के क्षेत्राधिकार वाले सभी अंगीभूत **(Constituent)** एवं सम्बद्ध **(Affiliated)** महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध होगी। उस सूची में आप अपने निवास स्थान के निकट वाले महाविद्यालयों के विकल्प का चयन वरीयता के क्रम मे कर सकते हैं। विद्यार्थी को कुल 20 (बीस) महाविद्यालयों का चयन करना है। विद्यार्थी अगर चाहें तो 10 से अधिक सम्बद्ध **(Affiliated)** महाविद्यालयों का चयन कर सकते है। सर्वप्रथम आप अपने इच्छित महाविद्यालयों का चयन करेंगे। मेधा सूची में आपका नाम यदि प्रकाशित होता है तो जिन 20 (बीस) महाविद्यालयों में आपने नामांकन का विकल्प दिया है उसी में से आपको मेधा के अनुसार महाविद्यालय आवंटित होता है। विश्वविद्यालय अपने स्तर से आपके दिए गए महाविद्यालयों के **choice** के बिना कोई महाविद्यालय नामांकन के लिए आवंटित नही करता है।

(ग) विद्यार्थी **Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS)** में नामांकन हेतु आवेदन फॉर्म में **Major Course** में उसी विषय का चुनाव करेंगे जिसमें वे **BA/B.Sc./B.Com** करना चाहतें है। विद्यार्थी को **+2** में **I.Sc./I.A./I.Com** या समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होना अनिवार्य है।

(घ) विद्यार्थी **MJC subject** का चयन करने हेतु अधिकतम दो विषयों **(Sujects)** का विकल्प **(option)** दे सकते हैं।

**(i)** +2 विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी – विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय मे से किन्हीं दो **Major** विषयों का चयन कर सकते हैं।

05/05/25

(ii) +2 वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी – वाणिज्य एवं कला संकाय मे से किन्हीं दो **Major** विषयों का चयन कर सकते हैं।

(iii) +2 कला संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी – केवल कला संकाय मे से किन्हीं दो **Major** विषयों का चयन कर सकते हैं।

(iv) +2 समकक्ष से उत्तीर्ण विद्यार्थी – विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय मे से किन्हीं दो **Major** विषयों का चयन कर सकते हैं, परन्तु **ITI** से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

(2) आरक्षण का लाभः– यदि कोई विद्यार्थी बिहार सरकार के द्वारा प्रदत्त आरक्षण के श्रेणी में आता है या उसका लाभ लेना चाहता है तो वह अपनी जाति के अनुसार आरक्षण की श्रेणी यथा– **BC-I, BC-II, EWS, SC,ST** में से सही श्रेणी का चयन करके **Online** नामांकन फार्म में प्रविष्टि करेंगे। यदि किसी भी कारण से आपने अपनी जाति का गलत श्रेणी में आरक्षण विकल्प का चयन कर लिया है तो ऐसी स्थिति में आपका नामांकन रद्द हो जाएगा। आरक्षण का लाभ सिर्फ बिहार से निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही होगा।

(3) मेधा सूची का निर्धारणः– मेधा सूची का निर्धारण **MJC** विषय के लिए +2 परीक्षा के कुल 500 प्राप्तांक का आधार, महाविद्यालय का विकल्प एवं आरक्षण की श्रेणी मे उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर की जाती है। यह मेधा सूची **Software Generated** होता है।

(4) **Slide Up:-** छात्र अगर अपने चयनित महाविद्यालय (**Allotted college**) से संतुष्ट नही हैं तो वे अगले मेधा सूची में जाने हेतु **Slide Up** का विकल्प चुनेंगें। यदि विद्यार्थी **Slide Up** का विकल्प नही देंगें तो उन्हें अगले मेधा सूची में शामिल नही किया जायेगा। **Slide Up** की सुविधा तीन बार दी जाएगी। यदि छात्र को प्रथम वरीयता (**first option**) का कॉलेज मिल गया है तो उन्हें **Slide Up** की सुविधा नही दी जाएगी और नामांकन न लेने पर वैसे छात्र को अगले मेधा सूची मे शामिल नही किया जाएगा।

(5) कोटा सीट के अन्तर्गत नामांकनः– कोटा सीट यथा–

(a) **NRI/Ward**- **Ward** के लिए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का स्थाई कर्मी (शिक्षक / शिक्षकेत्तर) का पुत्र / पुत्री होना अनिवार्य है।

(b) **Donar-** केवल डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालयों के **Donar** का पुत्र / पुत्री होना अनिवार्य है।

(c) **Sports**- के लिए **National/State** एव **District level Championship** के लिए चयनित होने का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(d) **Fine Arts**- के लिए **National/State** एवं **District level Championship** के लिए चयनित होने का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

05/05/25

(e) **NCC/NSS**- के लिए NCC का B अथवा C का प्रमाण पत्र होना चाहिए। NSS के लिए National Camp में participation का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(f) **Ward of Army/Ex-Army-** के लिए उनका पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य है।

**NOTE:-** कोटा सीट के अन्तर्गत नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थी को उससे संबंधित प्रमाण पत्र (Certificate) की प्रति Online नामांकन फार्म में upload करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनका दावा मान्य नही होगा। सही प्रमाण पत्र के नही रहने पर नामांकन नहीं होगा।

(6) विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में नामांकन के समय निम्नांकित सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ–साथ उसकी एक छायाप्रति ले जाना अनिवार्य है।

(a) **Xth Marksheet/Certificate Photo copy (for age verification)**
(b) **XIIth Marksheet Photo copy and original only for verification**
(c) **Migration original**
(d) **Caste certificate (If applicable)**
(e) **E.W.S certificate (If applicable)**
(f) **Handicapped (If applicable)**
(g) **Ward/NCC/NSS/Cultural/Ward of Army/Ex-Army (If applicable as per requirement)**

05/05/25

डी0 एस0 डब्लू0
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

05/5/2025